# Rajasthali Law Institute

### Prelims test series

## Juvenile justice Act,Indian Contract Act-3

**1)** जहां कि कोई व्यक्ति प्रथमतः कुछ ऐसी बाते करने का, जो वैध हो और द्वितीयतः विनिर्देशित परिस्थितियो में, कुछ अन्य बाते करने का, जो अवैध हो, व्यतिकारी वचन देते है वहां / **Where a person makes a reciprocal promise, firstly, to do certain things which are lawful, and secondly, in specified circumstances, to do some other thing which is illegal, then ?**
(a) वचनो का द्वितीय संवर्ग संविदा है / The second category of promises is contract
(b) वचनो का प्रथम संवर्ग शून्य करार है / The first category of promises is void agreement
(c) वचनो का प्रथम एवं द्वितीय संवर्ग दोनो शून्य करार है / Both first and second set of words are void agreement
(d) वचनो का प्रथम संवर्ग संविदा है किन्तु द्वितीय संवर्ग शून्य करार है / The first category of words is contract but the second category is void agreement

**2)**संविदा पालन की असंभवता का सिद्धान्त संविदा अधिनियम की किस धारा में दिया गया है**- / The doctrine of impossibility of performance of contract is given in which section of the Contract Act?**
(a) धारा-54 / Section-54
(b) धारा-55 / Section-55
(c) धारा-56 / Section-56
(d) धारा-58 / Section-58

**3)**अन्य ऋणों के साथ-साथ राहुल को सुरेन्द्र **10,000** रुपए का देनदार है। सुरेन्द्र से राहुल इस राशि के संदाय की लिखित मांग करता है। राहुल को सुरेन्द्र **10,000** रुपए भेजता है। यह संदाय उस ऋण के उन्मोचन के लिए उपयोजित किया जाना है**- / Surendra owes Rs.10,000 to Rahul along with other debts. Rahul makes a written demand from Surendra for the payment of this amount. Surendra sends Rs 10,000 to Rahul. This payment is to be applied to the discharge of that debt-**

(a) जिनके संदाय की मांग राहुल ने की थी। / Whose payment was demanded by Rahul.

(b) जिनके संदाय की मांग सुरेन्द्र ने की थी। / Whose payment was demanaw by Surendra.

(c) उपर्युक्त (a) व (b) दोनो / Both (a) and (b) above

(d) उपयुक्त में से कोई नहीं /None of the above

**4)** संविदा के नवीयन से तात्पर्य है**- / Novation of contract means ?**

(a) मूल संविदा के बदले कोई नई संविदा प्रतिस्थापित करना / Substituting a new contract for the original contract

(b) संविदा को विखंडित करना / Rescind the contract

(c) संविदा को परिवर्तित करना / Alteration of contract

(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**5)**राजवीर के लिए संजीव एक रंगचित्र बनाने का वचन देता है तत्पश्चात् राजवीर उससे वैसा करने का निषेध कर देता है**- / Sanjeev promises to make a painting for Rajveer, after which Rajveer forbids him to do so-**

(a) संजीव उस वचन के पालन के लिए आबद्ध है / Sanjeev is bound to keep that promise

(b) संजीव उस वचन के पालन के लिए आबद्ध नही है / Sanjeev is not bound to abide by this promise

(c) उपरोक्त (a) व (b) दोनो सही है / Both (a) and (b) above are correct

(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**6)**एक संविदा के शून्य हो जाने के पश्चात् प्रतिफल के रूप में प्राप्त धन को वचनदाता**- / Money received as consideration after a contract has become void ?**
(a) वचनगृहीता को वापस करने के लिए आबद्ध नही होता / Promisee is not bound to return
(b) वचनगृहीता को वापस करने के लिए आबद्ध होता है / Bound to refund the promisee
(c) वचनगृहीता के साथ आधा-आधा बांट सकता है / Can share half with the promisor
(d) केवल प्राप्त धन का 25% वापिस करने के लिए बाध्य है / Bound to return only 25% of the money received

**7)** अंकित जो कि एक व्यापारी है कुछ माल रितेश के गृह पर भूल से छोड़ जाता है रितेश उस माल को अपने माल के रूप में बरतता है**- / Ankit who is a trader leaves some goods at Ritesh's house by mistake Ritesh treats that goods as his own ?**
(a) रितेश अंकित को संदाय करने के लिए आबद्ध नही है / Ritesh is not bound to pay Ankit
(b) रितेश अंकित को संदाय करने के लिए आबद्ध है / Ritesh is bound to pay Ankit
(c) अंकित रितेश को संदाय करने के लिए आबद्ध है / Ankit is bound to pay Ritesh
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**8)**वह व्यक्ति जो किसी अन्य का माल पड़ा पाता है और उसे अभिरक्षा में लेता है। उसी उत्तरदायित्व के अध्यधीन है जिसके अधीन उपनिहिती होता है**- / A person who finds goods belonging to another and takes them into is custody. is subject to the same liability as a bailee ?**
(a) पूर्णतः सत्य है / Absolutely true
(b) पूर्णतः असत्य है / Is absolutely false
(c) अंशतः सत्य है / Is partly true
(d) अंशतः असत्य है / Is partly false

**9)**सुरेश और सतीश संयुक्तः संदीप के दस हजार रूपए के देनदार है अकेला सुरेश ही संदीप को वह रकम संदत कर देता है और इस तथ्य को न जानते हुए संदीप को सतीश दस हजार रूपए फिर से संदत कर देता है**- / Suresh and Satish jointly: Rs.10,000 is owed to Sandeep, Suresh alone pays that amount to Sandeep and not knowing the fact, Satish again pays Rs.10,000 to Sandeep ?**

(a) सतीश को दस हजार रूपए का प्रतिसंदाय करने के लिए संदीप आबद्ध है। / Sandeep is bound to repay ten thousand rupees to Satish.

(b) संदीप को दस हजार रूपए का प्रतिसंदाय करने के लिए सतीश आबद्ध है। / Satish is bound to repay ten thousand rupees to Sandeep.

(c) संदीप को केवल एक हजार रूपए का प्रतिसंदाय करने के लिए सतीश आबद्ध है। / Satish is bound to repay only one thousand rupees to Sandeep

(d) संदीप को आंशिक भुगतान करने के लिए सतीश आबद्ध है। / Satish is bound to make partial payment to Sandeep.

**10)**भारतीय संविदा अधिनियम **1872** की धारा**-73** से सम्बन्धित वाद है**- / The suit related to Section-73 of the Indian Contract Act 1872 is-**

(a) कारलिल वि. कारबोलिक स्मोल बाल कॉरपोरेशन / Carlile v. Carbolic Small Ball Corporation

(b) हैडले बनाम बैक्सन्डेल / Hadley vs Baxendale

(c) टेलर बनाम कॉल्डवेल / Taylor vs caldwell

(d) लालमन शुक्ला बनाम गौरिदत्त / Lalman Shukla Vs Gauridutt

**11)**क**' 3000** टेबल **'**ख**'** को बेचने और परिदत्त करने की संविदा करता है **'**ख**'** के कारबार के संचालन के ढंग के बारे में **'**क**'** कुछ नही जानता। **'**क**'** अपना वचन भंग करता है और **'**ख**'** टेबल न होने के कारण अपना कारबार बंद करने के लिए विवश हो जाता है**- / A contracts to sell and deliver to B 3000 tables. A knows nothing of the mode of conduct of B's business. 'A' breaks his promise and 'B' is compelled to discontinue his business for want of table-**

(a) कारबार बंद होने से 'ख' को कारित हानि के लिए 'ख' के प्रति 'क' उत्तरदायी है। / 'A' is liable to 'B' for loss caused to 'B' by the cessation of business.
(b) कारबार बंद होने से 'ख' को कारित हानि के लिए 'ख' के प्रति 'क' उत्तरदायी नही है। / 'A' is not liable to 'B' for loss caused to 'B' by the cessation of business.
(c) 'क' किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही है / A is not liable in any way
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**12). 'ख'** से **'क'** संविदा करता है कि यदि वह **'ख'** को एक निर्दिष्ट दिन **5,000** रुपए देने में असफल रहे तो वह **'ख'** को, **10,000** रुपए देगा। **'क'** उस दिन **'ख'** को **5,000** रुपए देने में असफल रहता है। **'क'** से **'ख' 10,000** रुपए से अनधिक ऐसा प्रतिकर वसूल करने का हकदार है**- / 'A' contracts with 'B' to pay 'B' 10,000 rupees if he fails to pay 5,000 rupees to 'B' on a specified day. 'A' fails to pay Rs.5,000 to 'B' on that day. 'B' is entitled to recover such compensation not exceeding 10,000 rupees from 'A'-**
(a) जो 'क' युक्तियुक्त समझे / whatever A considers reasonable
(b) जो न्यायालय युक्तियुक्त समझे / As the Court considers reasonable
(c) जो 'ख' युक्तियुक्त समझे / Whatever B considers reasonable
(d) जो 'क' एवं 'ख' युक्तियुक्त समझे / Whoever 'A' and 'B' considers reasonable

**13)**निम्नलिखित में से किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि संविदा अधिनियम की धारा**- 73** एवं **74** के अन्तर्गत नुकसानी का वाद तब ही लाया जा सकेगा जब संविदा शून्य न हो**- / In which of the following suits, it was held that a suit for damages can be brought under Section 73 and 74 of the Contract Act only when the contract is not void ?**
(a) विदिशा बनाम अमित सिंह / Vidisha Vs Amit Singh
(b) तरसेम सिंह बनाम सुखमिन्दर / Tarsem Singh Vs Sukhminder
(c) सुरेश सिंह बनाम गोपाल सन्स / Suresh Singh Vs Gopal Sons
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**14)** संविदाकल्प के दायित्व के सिद्धान्त के प्रतिपादक थे **/ The propounder of the principle of liability of Quasi contract-**
(a) लार्ड डेनिंग / Lord denning
(b) लार्ड हेल्सबरो / Lord hillsborough
(c) लार्ड राइट / Lord wright
(d) लार्ड मेन्सफील्ड / Lord mansfield

**15)**वह व्यक्ति जो किसी संविदा को अधिकारपूर्वक विखंडित करता है**- / A person who rescinds a contract as of right ?**
(a) ऐसी नुकसानी के लिए प्रतिकर प्राप्त करने का हकदार है जो संविदा पालन न किये जाने से हुआ है। / Is entitled to compensation for such damages as have been incurred by the non-performance of the contract.
(b) ऐसी नुकसानी के लिए प्रतिकर प्राप्त करने का हकदार नही है जो संविदा पालन न किये जाने से हुआ है। / He is not entitled to compensation for such damages which have arisen from the non-performance of the contract.
(c) (a) एवं (b) दोनो / (a) and (b) both
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**16)**भारतीय संविदा अधिनियम **1872** में खोये हुए माल को पाने वाले का दायित्व होता है**- / In the Indian Contract Act, 1872, the finder of the lost goods is liable to ?**
(a) उपनिधाता / Bailor
(b) प्रतिभू / Guarantor
(c) उपनिहिती / Bailee
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**17)**कुछ ऐसी दशाओं में जहां पर कोई संविदा नही है विधि साम्या के आधार पर बाध्यता अधिरोपित करती है इसे कहते है**- / In Some cases where there is no contract, the law imposes an obligation on the basis of equity. This is called?**
(a) अप्रवर्तनीय साम्यपूर्ण / Unenforceable equity
(b) संविदा कल्प / Quasi contract

(c) शून्य संविदा / Void contract
(d) शून्यकरणीय संविदा / Voidable contract

**18)**भारतीय संविदा अधिनियम की किस धारा में क्षतिपूर्ति की संविदा को परिभाषित किया गया है**- / In which section of the Indian Contract Act, contract of indemnity has been defined ?**
(a) धारा-122 / Section-122
(b) धारा-124 / Section-124
(c) धारा-125 / Section-125
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**19)**'क' ऐसी कार्यवाहियो के परिणामो के लिए जो **'ग' 20,000** रूपए की राशि के सम्बन्ध में **'ख'** के विरूद्ध चलाए **'ख'** की क्षतिपूर्ति करने की संविदा करता है यह संविदा है**- / 'A' contracts to indemnify 'B' against the consequence of proceedings which 'C' may take against 'B' in respect of the sum of 20,000 rupees. This contract is-**
(a) उपनिधान / Bailment
(b) क्षतिपूर्ति की / Indemnity
(c) प्रत्याभूति की / Of guarantee
(d) गिरवी की / Pledged

**20).** क्षतिपूर्ति एवं प्रत्याभूति की संविदा के सम्बन्ध में प्रावधान दिये गये है**- / Provisions have been given regarding the contract of indemnity and guarantee-**
(a) धारा-124 से 147 / Section-124 to 147
(b) धारा-148 से 181 / Section-148 to 181
(c) धारा-182 से 238 / Section-182 to 238
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**21)**किसी पर व्यक्ति द्वारा व्यतिक्रम की दशा में उसके वचन का पालन या उसके दायित्व का निर्वहन करने की संविदा है **/ A person contracts to perform his promise or discharge his obligation in case of default by a person-**

(a) प्रत्याभूति की संविदा / Contract of guarantee
(b) क्षतिपूर्ति की संविदा / Contract of indemnity
(c) उपनिधान की संविदा / Contract of Bailment
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**22)**रवि को शंकर **1000** पानी की टंकियां बेचता और परिदत्त करता है**,** अमन तत्पश्चात् प्रतिफल के बिना करार करता है कि रवि द्वारा व्यतिक्रम होने पर वह माल के लिए संदाय करेगा **/ Shankar sells and delivers 1000 water tanks to Ravi. Aman then agrees without consideration to pay for the goods in default of Ravi ?**
(a) करार शून्यकरणीय है / The agreement is voidable
(b) करार शून्य है / The agreement is void
(c) वैद्य संविदा है / Is a valid contract
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**23)"**प्रतिभू का दायित्व मूल ऋणी के दायित्व के समविस्तर्णीय है। जब तक कि संविदा द्वारा अन्यथा उपबंधित न हो**"** यह कथन**- / "The liability of the surety is co-extensive with that of the principal debtor. Unless it is otherwise provided by the contract" this statement-**
(a) पूर्णतः सत्य है / Absolutely true
(b) पूर्णतः असत्य है / Absolutely false
(c) अंशतः सत्य है / Partly true
(d) अंशतः असत्य है / Partly false

**24).** चलत प्रत्याभूति परिभाषित है**- / Continuing Guarantee is defined in-**
(a) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 124 / Section 124 of the Indian Contract Act
(b) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 129 / Section 129 of the Indian Contract Act
(c) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 146 / Section 146 of the Indian Contract Act

राजस्थली
Estd. 2008

(d) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 147 / Section 147 of the Indian Contract Act

**25)**चलत प्रत्याभूति का प्रतिभू की मृत्यु द्वारा प्रतिसंहरण हो जाता है**- / A continuing guarantee is revoked by the death of the surety ?**

(a) सत्य है / true

(b) असत्य है / false

(c) आंशिक सत्य / partial true

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / neither of the above

**26)"**संविदा के निबंधनो में फेरफार से प्रतिभू के उन्मोचन**"** से सम्बन्धित प्रावधान दिए गए है**- / Provisions related to "discharge of the surety by variation in the terms of the contract" have been given-**

(a) धारा-132 / Section-132

(b) धारा-134 / Section-134

(c) धारा-133 / Section-133

(d) धारा-128 / Section-128

**27)** लेनदार और मूलऋणी के बीच किसी ऐसी संविदा से जिसके द्वारा मूलऋणी निर्मुक्त हो जाए तो**- / By any contract between the creditor and the principal debtor by which the principal debtor is released ?**

(a) प्रतिभू उन्मोचित हो जाता है / The surety is discharged

(b) प्रतिभू बाध्य हो जाता है / The surety becomes bound

(c) मूलऋणी उन्मोचित हो जाता है / The principal debtor is discharged

(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**28)**जहां कि सह-प्रतिभ हो वहां लेनदार द्वारा उनमें से एक की निर्मुक्ति अन्यों को **/ Where there are co-sureties, a release by the creditor of one of them the others ?**

(a) उन्मोचित नहीं करती / does not discharge

(b) उन्मोचित करती / does discharge

(c) पर्यावसान / Terminate

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**29)**छिपाव द्वारा अभिप्राप्त प्रत्याभूति होगी**- / Guarantee obtained by concealment-**

(a) विधिमान्य / Valid

(b) अविधिमान्य / Invalid

(c) विपक्षित / Implied

(d) शून्यकरणीय / Voidable

**30)** प्रतिभू की क्षतिपूर्ति करने का विवक्षित वचन उपबंधित है **/ Implied promise to indemnity surety provided in ?**

(a) धारा-145 / Section-145

(b) धारा-147 / Section-147

(c) धारा-143 / Section-143

(d) धारा-139 / Section-139

**31)**ङ को उधार दिए गए **3,000** रुपए के लिए घ के क**,** ख और ग प्रतिभू हैं। ङ संदाय में व्यतिक्रम करता है। क**,** ख और ग**,** जहां तक उनके बीच का सम्बन्ध है**- / A, B and C are sureties to D for the sum of 3,000 rupees lent to E. E makes default in payment. A, B and C as between themselves-**

(a) केवल ग 1,000 रुपए संदाय करने का दायी है / only C is liable to pay Rs.1,000

(b) केवल ङ 1,000 रुपए संदाय करने का दायी है / only E is liable to pay Rs.1,000

(c) केवल ख 1,000 रुपए संदाय करने का दायी है / only B is liable to pay Rs.1,000

(d) प्रत्येक 1,000 रुपए संदाय करने का दायी है / each is liable to pay 1,000 Rs.

Estd. 2008

**32).** एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को किसी प्रयोजन के लिए इस संविदा पर माल का परिदान करना कि वह प्रयोजन पूरा होने पर लौटा दिया जाएगा **/ The delivery of goods by one person to another for some purpose, upon a**

**contract that they shall, when the purpose is accomplished, be returned ?**
(a) प्रत्याभूति / Guarantee
(b) प्रतिभू / Surety
(c) उपनिधान / Bailment
(d) वाहक / Carrier

**33)** उपनिधाता वह व्यक्ति है**- / Bailor is a person ?**
(a) जिसके द्वारा माल का परिदान किया जाता है / By whom the goods are delivered
(b) जिसको माल परिदत्त किया जाता है / The person to whom goods are delivered
(c) उपरोक्त (a) और (b) दोनों / Both (a) and (b) above
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**34)**उपनिहित माल की त्रुटियों को प्रकट करने का उपनिधाता का कर्तव्य दिया गया है**- / The bailor's duty to disclose faults in the goods bailed is given ?**
(a) धारा-149 / Section-149
(b) धारा-150 / Section-150
(c) धारा-151 / Section-151
(d) धारा-152 / Section-152

**35)** सुरेश की एक गाड़ी राकेश भाड़े पर लेता है। गाड़ी अक्षेमकर है**,** यद्यपि सुरेश को यह मालूम नहीं है और राकेश क्षतिग्रस्त हो जाता है। क्षति के लिए **/ Rakesh hires a carriage of Suresh. The carriage is unsafe, though Suresh is not aware of it and Rakesh is injured. for injury ?**
(a) राकेश के प्रति सुरेश उत्तरदायी नहीं है / Suresh is not responsible to Rakesh
(b) राकेश के प्रति सुरेश उत्तरदायी है / Suresh is responsible to Rakesh
(c) राकेश और सुरेश दोनों समान रूप से उत्तरदायी है / Both Rakesh and Suresh are equally liable

(d) कोई भी उत्तरदायी नहीं है / no one is responsible

**36)**ख को एक घोड़ा उसकी अपनी सवारी के लिए क भाड़े पर देता है। ख उस घोड़े को अपनी गाड़ी में चलाता है **/ A lets to B, for hire, a horse for his own riding. B drives the horse in his carriage ?**
(a) यह क के विकल्प पर उपनिधान का पर्यवसान नहीं है / This is not at the, option of A, a termination of the bailment.
(b) यह ख के विकल्प पर उपनिधान का पर्यवसान है। / This is, at the, option of B, a termination of the bailment.
(c) यह क के विकल्प पर उपनिधान का पर्यवसान है। / This is, at the, option of A, a termination of the bailment.
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / Neither of the above

**37)**आनुग्रहिक उपनिधान उपनिधाता या उपनिहिती की मृत्यु से **/ By the death of the bailor or bailee Gratuitous bailment is-**
(a) पर्यवसित नहीं हो जाता है / Does not get terminated
(b) पर्यवसित हो जाता है / Gets terminated
(c) कुछ दशाओं में ही पर्यवसित हो जाता है / Only in certain cases get terminated
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / neither of the above

**38)**तत्प्रतिकूल संविदा के अभाव में उपनिहिती वह वृद्धि या लाभ, जो उपनिहित माल से प्रोद्भूत हुआ हो**- / In the absence of a contract to the contrary, the bailee, the increase or profit which may have accrued from the goods bailed ?**
(a) उपनिधाता को परिदत्त करने के लिए आबद्ध है / The bailor is bound to deliver.
(b) उपनिधाता के निदेशों के अनुसार परिदत्त करने के लिए आबद्ध है / bound to deliver as per the directions of the bailor.
(c) उपरोक्त (a) व (b) दोनों / Both (a) and (b) above
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / neither of the above

**39)**उपनिहित माल पर दावा करने वाले पर-व्यक्ति के अधिकार के सम्बन्धित प्रावधान है**- / The provisions relating to the right of a third party claiming the goods bailed are ?**
(a) धारा-165 / Section-165
(b) धारा-166 / Section-166
(c) धारा-167 / Section-167
(d) धारा-156 / Section-156

**40)**स्वामी द्वारा खोए माल की वापसी के लिए विनिर्दिष्ट पुरस्कार देने की प्रस्थापना किए जाने पर पड़ा माल पाने वाला ऐसे पुरस्कार के लिए **/ The owner has offered a specific reward for the return of goods lost, the finder may for such reward ?**
(a) वाद ला सकेगा / may sue
(b) वाद नहीं ला सकेगा / won't be able to sue
(c) वाद ला सकेगा और माल को पुरस्कार मिलने तक प्रतिधृत रख सकेगा। / may sue and retain the goods pending the award.
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / neither of the above

**41)'क'** एक जोहरी **'ख'** को अनगढ़ हीरा काटने और पॉलिश किए जाने के लिए परिदत्त करता है तद्नुसार वैसा कर दिया जाता है **'ख'** उस हीरे के प्रतिधारण का हकदार है जब तक कि**- / 'A' delivers a rough diamond to 'B', a jeweler, to be cut and polished, and which is accordingly done.'B' is entitled to retain the diamond until ?**
(a) 'ख' को सेवाओं के लिए संदाय न कर दिया जाए / B not being paid for services
(b) 'ख' को सेवाओं के लिए संदाय कर दिये जाने के पश्चात् भी / even after payment has been made to B for the services
(c) 'ख' किसी भी दशा में हीरे के प्रतिधारण का हकदार नहीं है / 'B' is in no case entitled to retain the diamond.
(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**42)**उपनिहिती का विशिष्ट धारणाधिकार दिया गया है**- / The particular lien of the bailee is given-**

(a) धारा-152 / Section-152

(b) धारा-162 / Section-162

(c) धारा-170 / Section-170

(d) उपरोक्त में से कोई नही / None of the above

**43)**बैंकारों**,** फैक्टरों**,** घाटवालों**,** अटर्नियों और बीमा दलालों का साधारण धारणाधिकार से संबंधित प्रावधान है **/ Provision related to General lien of bankers, factors, wharfingers, attorneys and policy-brokers-**

(a) धारा-161 / Section-161

(b) धारा-171 / Section-171

(c) धारा-181 / Section-181

(d) धारा-191 / Section-191

**44)**अभिकर्ता कौन नियोजित कर सकेगा **/ Who may employ agent-**

(a) प्राप्तवय/Majority

(b) स्वस्थ-चित/Sound mind

(c) (a) और (b) दोनों / (a) and (b) both

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**45)**प्राधिकार जब कि वह मौखिक या लिखित शब्दों द्वारा दिया जाए तो वह कहलाता है**- / When it is given by words spoken or written an authority is said to be-**

(a) विवक्षित / Implied

(b) अभिव्यक्त / Express

(c) (a) या (b) दोनों / (a) or (b) both

(d) उपरोक्त मे से कोई नहीं / None of the above

**46)** किसी व्यक्ति के लिए उसके प्राधिकार के बिना किए गए कार्यों के बारे में उसका अधिकार। अनुसमर्थन का प्रभाव **/ Right of person as to acts done for him without his authority. Effect of ratification ?**

(a) धारा 124 / Section-124
(b) धारा 135 / Section-135
(c) धारा 175 / Section-175
(d) धारा 196 / Section-196

**47)**प्रतिसंहरण और त्यजन हो सकेगा **/ Revocation and renunciation may be ?**
(a) अभिव्यक्त हो सकेगा / may be expressed
(b) विवक्षित हो सकेगा / may be implied
(c) (a) या (b) दोनों / (a) or (b) both
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**48)**मालिक की सम्पत्ति पर**.....** का धारणाधिकार **- / ........Lien on principal's property?**
(a) अभिकर्ता / Agent
(b) उपाभिकर्ता / Sub-agent
(c) प्रतिभू / surety
(d) उपरोक्त में से किसी का नहीं / None of the above

**49)**एक उपाभिकर्ता निम्नलिखित में से किस आधार पर मालिक के प्रति उत्तरदायी होता है**? / A sub-agent is responsible to the principal on which of the following grounds**
(a) कपट या उपेक्षा / Fraud or Negligence
(b) उपेक्षा या प्रवंचना / Negligence or Deceit
(c) जानबूझकर ग़लती या कपट / Wilful wrong or fraud
(d) जानबूझकर ग़लती या उपेक्षा / wilful wrong or Negligence

**50)**अभिकर्ता की संविदाओं का प्रवर्तन और उसके परिणाम उपबंधित है**- / Enforcement and consequences of agent's contracts provided in-**
(a) धारा-150 / Section-150
(b) धारा-238 / Section-238
(c) धारा-224 / Section-224

(d) धारा-226 / Section-226

**51)**विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के विरूद्ध निम्न दण्डादेश पारित नही किया जा सकता है **-/ The following sentence cannot be passed against a child in conflict with law ?**
(a) मृत्यु दण्डादेश / death sentence
(b) आजीवन कारावास रिहाई की संभावना के बिना / life imprisonment without the possibility of release
(c) (a) एवं (b) दोनों / both (a) and (b)
(d) कारावास का कोई भी दण्डादेश / any sentence of imprisonment

**52)**दंड प्रक्रिया संहिता के अध्याय **8** के अधीन की कार्यवाही का बालक के विरूद्ध लागू न होना**-/ Proceedings under Chapter) 8 of the Code of Criminal Procedure not to apply against the child-**
(a) धारा-21 / Section-21
(b) धारा-22 / Section-22
(c) धारा-23 / Section-23
(d) धारा-24 / Section-24

**53)**विधि का उल्लंघन करने वाला बालक एवं वयस्क व्यक्ति मिलकर कोई अपराध कारित करते हैं**,** दोनों के विरूद्ध **/ A child in conflict with law and an adult who together commit an offence, against both -**
(a) संयुक्त कार्यवाही की जा सकती है/ Joint proceeding can be taken
(b) संयुक्त कार्यवाही नहीं की जा सकती है/ Joint proceeding cannot be taken
(c) न्यायालय विनिश्चत करेगा कि संयुक्त कार्यवाही की जाए या नहीं/ The court shall decide whether joint proceeding should be taken or not
(d) बोर्ड विनिश्चय करेगा कि संयुक्त कार्यवाही की जाए या नही / The Board shall decide whether joint proceeding should be taken
not

**54)**विधि का उल्लंघन करने वाले भगोड़े बालक के बाबत उपबंध किशोर न्याय **(**बालको की देखरेख एवं संरक्षण**)** अधिनियम**, 2015** में प्रावधान कौन**-**सी धारा में

किए गए है- **/ In which Sec. of Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 Provision with respect of run away child in conflict with law ?**
(a) धारा 24 के अधीन / section 24
(b) धारा 25 के अधीन / section 25
(c) धारा 26 के अधीन / section 26
(d) धारा 27 के अधीन / section 27

**55)**बाल कल्याण समिति का गठन कौन करता है**? / Who constitutes the Child Welfare Committee?**
(a) किशोर न्याय बोर्ड / juvenile justice board
(b) राज्य सरकार / state government
(c) केन्द्र सरकार / central government
(d) न्यायालय / Court

**56)**बाल कल्याण समिति में महिलाओं की न्यूनतम कितनी संख्या होनी चाहिए**- /What should be the minimum number of women in child welfare committee ?**
(a) एक / One
(b) दो / Two
(c) तीन / Three
(d) चार / Four

**57)**बाल कल्याण समिति में कुल कितने सदस्य होते है **/ How many members are there in the child welfare committee?**
(a) 3
(b) 4
(c) 5
(d) 6

**58)**बाल कल्याण समिति के सदस्य का कार्यकाल होता है **/ The term of the member of the Child Welfare Committee is -**

(a) 1 वर्ष / 1 year
(b) 2 वर्ष / 2 year
(c) 3 वर्ष / 3 year
(d) 4 वर्ष / 4 year

**59)बाल कल्याण समिति के कार्यकरण का पुनर्विलोकन कौन कर सकेगा / who shall conduct review of the functioning of Child Welfare Committee ?**
(a) जिला मजिस्ट्रेट / District Magistrate
(b) प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट / magistrate of the first class
(c) किशोर न्याय बोर्ड / juvenile justice board
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं / none of the above

**60)बाल कल्याण समिति एक मास में कम से कम कितनी बैठकें करेगी? / What is the minimum number of meetings held by the Child Welfare Committee in a month?**
(a) दस / Ten
(b) पन्द्रह / Fifteen
(c) पच्चीस / Twenty-five
(d) बीस / Twenty

**61)बाल कल्याण समिति के सदस्यों के मध्य मतभेद की दशा में किसकी राय अभिभावी होगी-/In case of difference of opinion between the members of the Child Welfare Committee, whose opinion shall prevail?**
(a) उपाध्यक्ष / Vice president
(b) सचिव / Secretary
(c) बहुमत / Majority
(d) महिला सदस्य / Female member

**62). किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 29 के अन्तर्गत समिति को शक्तियाँ प्राप्त है / Under section 29 of the**

**Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, the committee has the power of -**

(a) देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की देखरेख, संरक्षण, उपचार और पुनर्वास के मामले का निपटारा करने का / To dispose of cases of care, protection, treatment and rehabilitation of children in need of care and protection

(b) विधि विरोधी बालकों का देखरेख और संरक्षण / Care and protection of children in conflict with law

(c) (a) एवं (b) दोनों / (a) and (b) both

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं / none of the above

**63)** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, **2015** की धारा **30** के अंतर्गत बाल कल्याण समिति के कार्य एवं उत्तरदायित्व है **- Under section 30 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, the functions and responsibilities of the Child Welfare Committee are ?**

(a) पोषण देखरेख में बालक को रखे जाने का निदेश करना / directing the child to be placed in foster care

(b) बालको के लिए समुचित विधिक सेवायें पहुँचाना / access to appropriate legal services for children

(c) अनाथ एवं अभिव्यक्त बालक को सम्यक् जाँच के पश्चात् दत्तकग्रहण के लिए विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित करना / Declaring an orphan and an orphan child legally free for adoption after due inquiry

(d) उपर्युक्त सभी / all of the above

**64)**देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले किसी बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष कौन पेश कर सकेगा **? / Who may produced any child in need of care and protection before the Child Welfare Committee?**

(a) कोई पुलिस अधिकारी / any police officer

(b) कोई लोक सेवक / any public servant

(c) डॉक्टर / Doctor

(d) उपर्युक्त सभी / all of the above

**65)**यदि कोई बालक संरक्षक की संरक्षकता से अलग हो गया है तो उसकी सूचना दिया जाना आज्ञापक है यदि सूचना नहीं दी जाती है तो संरक्षक दोषी होगा **/ If a child is separated from the custody of the guardian, it is mandatory to be informed about it, if the information is not given, the guardian shall be liable to -**

(a) 6 माह तक के कारावास या 10,000 रूपये तक का जुर्माना या दोनों से / Imprisonment up to 6 months or fine up to Rs 10,000 or both

(b) 8 माह तक के कारावास या 5,000 रूपये तक का जुर्माना या दोनों से / Imprisonment up to 8 months or fine up to Rs 5,000 or both

(c) उपर्युक्त (a) एवं (b) दोनों / Both (a) and (b) above

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं / None of the above

**66)**कोई भी माता-पिता अपने बालक को समिति को अभ्यपर्ण कर सकता है**- / Any parent may surrender his child to the Committee ?**

(a) धारा 35 के अन्तर्गत / under section 35

(b) धारा 36 के अन्तर्गत / under section 36

(c) धारा 37 के अन्तर्गत / under section 37

(d) धारा 40 के अन्तर्गत / under section 40

**67).** कितने वर्ष से कम आयु के अनाथ या अभित्यक्त बालक को विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण में रखा जायेगा **? / Orphan or abandoned child below how many years will be kept in the special adoption agency?**

(a) 5 वर्ष से कम / less than 5 years

(b) 6 वर्ष से कम / less than 6 years

(c) 7 वर्ष से कम / less than 7 years

(d) 10 वर्ष से कम / less than 10 years

**68)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम**, 2015** की किस धारा में बालकों के पुनर्वास एवं समाज में पुनः मिलाने की प्रक्रिया का वर्णन किया गया है**? / Which section of the Juvenile Justice (Care and**

**Protection of Children) Act, 2015 describes the process of rehabilitation and social reintegration of children?**
(a) धारा 39 / section 39
(b) धारा 36 / section 36
(c) धारा 37 / section 37
(d) धारा 40 / section 40

**69)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, **2015** की धारा **41** के अंतर्गत बालक देखरेख संस्थाओं का रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन किसके समक्ष दिया जायेगा **? / Under section 41 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, before whom will the application for registration of child care institutions be made?**
(a) राज्य सरकार / state government
(b) केन्द्र सरकार / central government
(c) बालक एवं कल्याण विभाग / Child and Welfare Department
(d) उपर्युक्त में से कोई नही / none of the above

**70)**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, **2015** के अन्तर्गत सही सुमेलित युग्म है **/ The correctly matched pair under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 is-**
(a) पोषण देखरेख धारा 44 / Foster Care - Section 44
(b) सम्प्रेक्षण गृह धारा 47 / Observation Home - Section 47
(c) विशेष गृह - धारा 48 / Special Homes - Section 48
(d) उपर्युक्त सभी / All of the above

राजस्थली
Estd. 2008

**Answer key**

1-d
2-c
3-a
4-a
5-b
6-b
7-b
8-a
9-a
10-b
11-b
12-b
13-b
14-d
15-a
16-c
17-b
18-b
19-b
20-a
21-a
22-b
23-a
24-b
25-a
26-c
27-a
28-a

R
राजस्थली
Estd. 2008

29-b
30-a
31-d
32-c
33-a
34-b
35-b
36-c
37-b
38-c
39-c
40-c
41-a
42-c
43-b
44-c
45-b
46-d
47-c
48-a
49-c
50-d
51-c
52-b
53-b
54-c
55-b
56-a
57-c
58-c
59-a
60-d

R
राजस्थली
Estd. 2008

61-c
62-a
63-d
64-d
65-a
66-a
67-b
68-a
69-a
70-d

राजस्थली
Estd. 2008